www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 28.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 102.705g
चांदी 113,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 भ्रष्टाचार रुकेगा तो बढ़ेगा भारत, भ्रष्ट तत्वों पर सख्ती से लगानी होगी लगाम
खाद विक्रेताओं पर कार्रवाई 04

वर्ष :09 | अंक :60 | मुंबई , गुरूवार 21 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु के 9 इलाकों में एनआईए का तलाशी अभियान, पीएमके सदस्य हत्या मामले में एक को किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को पीएमके पदाधिकारी रामलिंगम की 2019 में हुई हत्या के सिलसिले में तमिलनाडु भर में नौ जगहों पर छापेमारी की। डिंडीगुल, तेनकासी और कोडईकनाल में छापेमारी की गई, जिसमें सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के पदाधिकारी शेख अब्दुल्ला के आवास पर भी छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान, एनआईए ने इस मामले से जुड़े फरार घोषित अपराधियों को कथित तौर पर शरण देने के आरोप में इम्थुतुल्लाह नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह मामला फरवरी 2019 में तंजावुर जिले में रामलिंगम की हत्या से संबंधित है। धर्म परिवर्तन के प्रयासों का विरोध करने पर उन पर कथित तौर पर अब प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों ने हमला किया था। मार्च 2019 में इस मामले की जाँच अपने हाथ में लेने वाली एनआईए ने पहले 18 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था, जिनमें से छह को भगोड़ा घोषित किया गया था।

### सरकार ने लोकसभा में पेश किया ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने वाला बिल

केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 पेश किया। नवाचार को बढ़ावा देने और नागरिकों की सुरक्षा के उद्देश्य से, इस विधेयक का उद्देश्य ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है, साथ ही वित्तीय, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक जोखिम पैदा करने वाले ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाना है। यह विधेयक तकनीक के ज़िम्मेदाराना उपयोग, मजबूत उपभोक्ता सुरक्षा उपायों और राष्ट्रीय सुरक्षा के संरक्षण पर भी जोर देता है। विधेयक पेश करते हुए, सरकार ने कहा कि पिछले एक दशक में, डिजिटल तकनीकों ने दैनिक जीवन को बदल दिया है। डिजिटल इंडिया, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, यूपीआई भुगतान प्रणाली, 5जी कनेक्टिविटी और बढ़ते सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र जैसी पहलों ने देश को एक नई वैश्विक पहचान दी है। दस्तावेज में कहा गया है कि इसलिए यह सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि समाज को प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग के संभावित नुकसान से बचाया जाए। इसी सोच के साथ, सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 पेश किया है।

# अमित शाह ने लोकसभा में पेश किया गिरफ्तार पीएम सीएम को हटाने वाला बिल, विपक्ष ने जमकर किया विरोध

## लोकसभा में विपक्ष ने शाह पर कागज के गोले फेंके:सरकार न 4 बिल पेश किए, विपक्षी सांसदों का सभी पर चर्चा से इनकार

**विवादास्पद विधेयक**

▶▶अमित शाह ने लोकसभा में संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025, जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किए। हालांकि, इस दौरान विपक्ष का जोरदार हंगामा जारी रहा। विपक्ष ने इस बिल को जमकर विरोध किया।

एजेंसी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में विवादास्पद विधेयक पेश किया, जिसमें प्रस्ताव है कि यदि किसी मौजूदा मंत्री, मुख्यमंत्री या यहां तक कि प्रधानमंत्री को पांच साल या उससे अधिक की जेल की सजा वाले अपराध के लिए लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार या हिरासत में रखा जाता है, तो उन्हें एक महीने के भीतर अपना पद गंवाना पड़ सकता है। अमित शाह ने लोकसभा में संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025, जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किए। हालांकि, इस दौरान विपक्ष का जोरदार हंगामा जारी रहा। विपक्ष ने इस बिल को जमकर विरोध किया।

**लोकसभा से तीन बिल जेपीसी के पास भेजे गए**

### अनुराग ठाकुर बोले- विपक्ष भ्रष्टाचारियों के साथ खड़ा है

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्ष किसका विरोध कर रहा है, नैतिकता का या भ्रष्टाचार का? आखिरकार, भारतीय राजनीति में अगर हम नैतिकता के आधार पर और भ्रष्टाचार के खिलाफ इस्तीफा देने की बात करते हैं, और फिर कानून बनाने की बात करते हैं, तो विपक्ष इसका विरोध क्यों करता है? उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों के साथ कौन खड़ा है – विपक्ष, और भ्रष्टाचार से मुक्त कौन है – भाजपा। विपक्ष भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

### लोकसभा से ऑनलाइन गेमिंग पर बैन लगाने वाला बिल पास

लोकसभा की कार्यवाही 5 बजे फिर से शुरू हुई। सदन में केंद्रीय सूचना मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑनलाइन गेमिंग पर बैन लगाने वाले बिल को पारित कराने के प्रस्ताव रखा। इसके बाद बिल लोकसभा से पास हुआ। इस दौरान विपक्षी सांसद एसआईआर मुद्दे को लेकर नारेबाजी भी करते रहे। बिल पास होने के बाद लोकसभा की कार्यवाही कल 21 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### क्या है विधेयक

केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025 के उद्देश्यों और कारणों संबंधी बयान के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम, 1963 (1963 का 20) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिये गए मुख्यमंत्री या मंत्री को हटाने का कोई प्रावधान नहीं है।

# राजा अपनी मर्जी से किसी को हटा देगा...

## राहुल गांधी ने 130वें संविधान संशोधन बिल को लेकर साधा निशाना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए, जिनके तहत प्रधानमंत्री और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार रहने पर पद से हटाया जा सकेगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि हम मध्ययुगीन काल में वापस जा रहे हैं जब राजा अपनी इच्छा से किसी को भी हटा सकता था, या अगर उसे किसी का चेहरा पसंद नहीं आता था, तो वह उसे गिरफ्तार करने के लिए ईडी से कह सकता था, और लोकतांत्रिक रूप से चुने गए व्यक्ति को 30 दिनों के भीतर बाहर निकाला जा सकता था।

एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को तीन विवादास्पद विधेयकों को पेश किए जाने की निंदा की, जिनमें गंभीर आरोपों में 30 दिन जेल में बिताने के बाद प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यह कदम देश को मध्ययुगीन काल में ले जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए, जिनके तहत प्रधानमंत्री और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार रहने पर पद से हटाया जा सकेगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि हम मध्ययुगीन काल में वापस जा रहे हैं जब राजा अपनी इच्छा से किसी को भी हटा सकता था, या अगर उसे किसी का चेहरा पसंद नहीं आता था, तो वह उसे गिरफ्तार करने के लिए ईडी से कह सकता था, और लोकतांत्रिक रूप से चुने गए व्यक्ति को 30 दिनों के भीतर बाहर निकाला जा सकता था। आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए गए और लगातार 30 दिन हिरासत में रखे गए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किए गए जिन्हें सदन ने अध्ययन के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच सदन में ह्यसंविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 , संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025पेश किए। बाद में उनके प्रस्ताव पर सदन ने तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का निर्णय लिया। विधेयकों के उद्देश्यों और कारणों में कहा गया है कि कोई मंत्री जो गंभीर दंडनीय अपराधों के आरोप का सामना कर रहा है, उसे गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में रखा जाता है तो वह संवैधानिक नैतिकता के मापदंडों तथा सुशासन के सिद्धांतों को विफल कर सकता है या उनमें बाधा डाल सकता है और अंततः लोगों द्वारा उसमें जताए गए विश्वास को कम कर सकता है।



# विश्वास है कि वह एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति होंगे...

## सीपी राधाकृष्णन के नामांकन पर बोले पीएम मोदी

सीपी राधाकृष्णन के साथ केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, धर्मेंद्र प्रधान, राम मोहन नायडू किंजरापु, एल मुरुगन और भाजपा नेता विनोद तावड़े भी मौजूद थे।

एजेंसी



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के नामांकन के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विश्वास व्यक्त किया कि वह एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति साबित होंगे। उन्होंने कहा कि मंत्रियों, पार्टी सहयोगियों और एनडीए नेताओं के साथ, मैं थिरु सीपी राधाकृष्णन के साथ भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने गया। एनडीए परिवार को विश्वास है कि वह एक उत्कृष्ट उपराष्ट्रपति साबित होंगे और राष्ट्रीय प्रगति की हमारी यात्रा को समृद्ध करेंगे। एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू और अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित थे। राधाकृष्णन ने लगभग 20 प्रस्तावकों और 20 समर्थकों की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले आज, उन्होंने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।उन्होंने संसद भवन में छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा ज्योतिराव फुले, रानी लक्ष्मीबाई, बीआर अंबेडकर और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सीएम हाउस में हमला

## आरोपी गुजरात का, सीसीटीवी में रेकी करता दिखा; भाजपा बोली- हमला आप ने कराया

दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर 'जन सुनवाई' के दौरान अप्रत्याशित हमला हुआ। राजकोट के राजेश भाईजी ने थप्पड़ मारा, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। दिल्ली पुलिस घटना की जांच कर रही है और सुरक्षा बढ़ाई गई है।

एजेंसी



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह सिविल लाइंस स्थित उनके कार्यालय में आयोजित 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान हमला किया गया। मुख्यमंत्री के कार्यालय ने यह जानकारी दी।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आरोपी व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को थप्पड़ मारा। इसके बाद, आरोपी को तुरंत हिरासत में ले लिया गया और उससे पूछताछ की जा रही है। उत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहचान गुजरात के राजकोट निवासी राजेश भाईजी के रूप में हुई है। हमले के मकसद का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। इस घटना के बाद, उत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मुख्यमंत्री कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस अप्रत्याशित घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

### अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूँगी...हमले के बाद दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता का पहला बयान

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि ऐसे हमले जनसेवा के प्रति उनके उत्साह और समर्पण को कभी नहीं तोड़ सकते। उन्होंने घोषणा की, मैं अब पहले से कहीं अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूँगी। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जनशिकायत सुनवाई और लोगों की समस्याओं के समाधान के प्रयास उसी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेंगे। 20 अगस्त की सुबह हुए इस चौंकाने वाले हमले के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे न केवल उन पर, बल्कि राजधानी के लोगों की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर भी एक कायराना हमला बताया। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई के दौरान हुआ हमला न केवल मुझ पर, बल्कि दिल्ली के कल्याण के लिए काम करने के हमारे संकल्प पर भी प्रहार था।गुप्ता ने स्वीकार किया कि शुरूआत में वह इस घटना से हिल गई थीं, लेकिन उन्होंने समर्थकों को आश्वस्त किया कि अब वह काफी बेहतर महसूस कर रही हैं। उन्होंने शुभचिंतकों से अनुरोध किया कि वे उनसे मिलने आकर खुद को कष्ट न दें, और कहा कि वह जल्द ही लोगों के बीच वापस आएंगी और पहले की तरह काम करेंगी।

# अब्बास अंसारी पर आ गया इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला

### दोषसिद्धि रद्द, सदस्यता बहाल

मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट ने 31 मई, 2025 को उन्हें 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान दिए गए भड़काऊ भाषणों से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराया था और दो साल की कैद और 3,000 रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई थी। इसी सजा के आधार पर, 1 जून, 2025 को उनका विधायक पद समाप्त कर दिया गया था।

एजेंसी



माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे और पूर्व विधायक अब्बास अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अंसारी की याचिका स्वीकार करते हुए मऊ स्थित एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट द्वारा सुनाई गई दो साल की जेल की सजा को रद्द कर दिया है। इस आदेश के साथ ही अब उनका विधायक का दर्जा बहाल हो जाएगा और मऊ सदर विधानसभा सीट पर उपचुनाव नहीं होगा। मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट ने 31 मई, 2025 को उन्हें 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान दिए गए भड़काऊ भाषणों से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराया था और दो साल की कैद और 3,000 रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई थी।

# 5000 किमी की रफ्तार से परमाणु बम ले जाने में सक्षम

## भारत ने कर दिया अग्नि-5 का सफल परीक्षण

यह अग्नि श्रृंखला की सबसे उन्नत मिसाइल है, जो सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों का एक परिवार है। मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि 5 को आधुनिक नेविगेशन, मार्गदर्शन, वारहेड और इंजन प्रौद्योगिकियों के साथ डिजाइन किया गया है, जो इसकी मारक क्षमता और सटीकता को बढ़ा सकती है।

एजेंसी



रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि 5' का सफल परीक्षण किया गया है। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस प्रक्षेपण ने सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया। यह सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया। अग्नि-5 एक लंबी दूरी की, परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल है जिसे भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित किया गया है। यह अग्नि श्रृंखला की सबसे उन्नत मिसाइल है, जो सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों का एक परिवार है। मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल ह्यअग्नि 5ह्व को आधुनिक नेविगेशन, मार्गदर्शन, वारहेड और इंजन प्रौद्योगिकियों के साथ डिजाइन किया गया है, जो इसकी मारक क्षमता और सटीकता को बढ़ा सकती है।

### अग्नि- के बारे में जानने योग्य मुख्य बातें

अग्नि-5 मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल, भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित एक भूमि-आधारित परमाणु टकफश-सक्षम मिसाइल है।

यह मिसाइल परमाणु उपयोग के लिए डिजाइन की गई है और इसकी मारक क्षमता 5,000 किलोमीटर से अधिक है। जून 2025 में, यह बताया गया था कि अग्नि-5 बनाने पर काम कर रहा है, जिससे इसकी मारक क्षमता 7,500 किलोमीटर तक बढ़ जाएगी।

# सबूत नहीं थे तो वोट चोरी के क्यों लगाए आरोप'

## सीएसडीएस के संजय कुमार ने मानी गलती, भाजपा बोली- राहुल मांगें माफी

▶▶ सीएसडीएस के संजय कुमार ने अपना ट्वीट किया डिलीट, वोट चोरी के साक्ष्य का किया था दावा. भाजपा हमलावर.

एजेंसी



नई दिल्ली : लोकनीति-सीएसडीएस के को-डायरेक्टर और चुनाव विश्लेषक संजय कुमार के जिस ट्वीट पर बवाल मचा था, उसे उन्होंने डिलीट कर दिया है. इस पर भाजपा ने निशाना साधा है. कांग्रेस पार्टी ने इस ट्वीट में उल्लिखित तथ्यों के आधार पर चुनाव आयोग और भाजपा को कटघरे में खड़ा किया था. संजय कुमार ने अपने ट्वीट में 2024 लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र के दो विधानसभा क्षेत्रों के आंकड़े दिए थे. उनके अनुसार विधानसभा चुनाव के दौरान नासिक वेस्ट और हिंगना विधानसभा क्षेत्रो ? में मतदाताओं की संख्या लोकसभा चुनाव के मुकाबले काफी बढ़ गई थी. कांग्रेस पार्टी ने इन आंकड़ों को 'वोट-चोरी' से जोड़ दिया. इस ट्वीट में संजय कुमार ने दावा किया था कि नासिक वेस्ट में 47.38 फीसदी और हिंगना में 43.08 फीसदी मतदाताओं की संख्या बढ़ गई.ट्वीट में बताया गया था कि नासिक वेस्ट में मतदाताओं की संख्या 483,459 हो गई

**दावा** सीएम रेखा गुप्ता पर हमले को लेकर मंत्री प्रवेश वर्मा का बड़ा दावा

# 24 घंटे से कर रहा था रेकी, आवास के पास बिताई रात...

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमले का आरोपी पिछले 24 घंटों से उनके आवास की रेकी कर रहा था और मुख्यमंत्री से मिलने की योजना बना रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी रेकी के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शालीमार बाग स्थित आवास पर पहुँचा था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने उनके आवास के पास रात बिताई और जनसभा के दौरान उन पर हमला किया। प्रवेश साहिब सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि अब पता चला है कि वह व्यक्ति मुख्यमंत्री से मिलने का रास्ता ढूँढने के लिए 24 घंटे से रेकी कर रहा था। उसने शालीमार बाग स्थित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के घर तक की रेकी की थी। प्रवेश वर्मा ने कहा कि कल उसने पास के सिविल लाइंस इलाके में रात बिताई और आज सुबह जब वह आया, तो उसके पास कोई कागजात नहीं थे। ऐसा कोई मामला नहीं था और उसने मिलते ही हमला कर दिया। दिल्ली के मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जनसुनवाई के दौरान बिना किसी कड़ी सुरक्षा के रोजाना 2000 लोगों से मिलती हैं और उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जाँच कर रही है और उसके आधार पर आगे की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि लंबे समय बाद दिल्ली को एक ऐसी मुख्यमंत्री मिली है जो रोजाना अपने घर पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर रही थीं। रोजाना दिल्ली-एनसीआर से 1000-2000 लोग आते थे। वह बिना किसी रोक-टोक और सुरक्षा के सभी से मिलती थीं और उनकी समस्याएँ सुनती थीं। आज जो कुछ भी हुआ है, वह बेहद निंदनीय है। हमने अभी-अभी मुख्यमंत्री से मुलाकात की है। वह घायल हो गई हैं और उनकी एमएलसी चल रही है। पुलिस जाँच कर रही है कि वह व्यक्ति कौन था, उसके दिमाग में क्या था और क्या साज़िश थी। पुलिस अपनी जाँच कर रही है और आपको आगे की जानकारी देगी। इस बीच, दिल्ली के एक अन्य मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ठीक हैं और आरोपियों ने उनके आवास का वीडियो बनाया था। उन्होंने कहा कि आरोपी सिर्फ.सीएम गुप्ता पर हमला करने के इरादे से आए थे और उनके पास जनसुनवाई से संबंधित कोई कागजात नहीं थे। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री की हालत स्थिर है। हमलावर पिछले 24 घंटों से रेकी कर रहा था। वह रेखा गुप्ता के शालीमार बाग स्थित आवास पर भी गया था। उसने वहां वीडियो भी बनाए थे...यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह हमला करने के इरादे से आया था।

> प्रवेश वर्मा ने कहा कि कल उसने पास के सिविल लाइंस इलाके में रात बिताई और आज सुबह जब वह आया, तो उसके पास कोई कागजात नहीं थे। ऐसा कोई मामला नहीं था और उसने मिलते ही हमला कर दिया।

# ओवैसी का मोदी सरकार पर वार, देश को पुलिस राज बनाना चाहती है बीजेपी



प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को गंभीर आरोपों पर हटाने वाले केंद्र सरकार के विधेयक पर सियासी पारा चढ़ा है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा सरकार पर देश को 'पुलिस राज' बनाने का आरोप लगाते हुए इसे असंवैधानिक बताया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज इस विधेयक को संसद में पेश करेंगे, जिसका ओवैसी की पार्टी पुरजोर विरोध करेगी।

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रही है। इसी बीच, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को इस कदम को असंवैधानिक करार दिया और भाजपा सरकार पर देश को पुलिस राज में बदलने का आरोप लगाया। एएनआई से बात करते हुए, ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी इस कानून का विरोध करेगी। ओवैसी ने कहा कि लोगों को निर्वाचित सरकारों को जवाबदेह ठहराने का अधिकार है; यह विधेयक इसके खिलाफ है। कार्यकारी एजेंसियों को खुद जज, जूरी और जल्लाद बनने की खुली छूट मिल जाएगी। मुख्यमंत्री को विधानसभा में हटाया जाता है। एआईएमआईएम सांसद ने कहा कि यह विधेयक असंवैधानिक है। प्रधानमंत्री को कौन गिरफ्तार करेगा?... कुल मिलाकर, भाजपा सरकार इन विधेयकों के जरिए हमारे देश को पुलिस राज बनाना चाहती है...हम इनका विरोध करेंगे...भाजपा भूल रही है कि सत्ता शाश्वत नहीं होती।

## सम्पादकीय

# निराशा से निकले धमकी के सुर, परमाणु पर पाकिस्तानी सेना ने खुद ही अपनी करतूतों को किया उजागर

हमारे नीति-निमार्ताओं को पाकिस्तान की बयानबाजी पर गंभीरता और सख्ती दिखानी होगी अन्यथा पाकिस्तान अमेरिका को भारत-पाकिस्तान परमाणु समीकरण में फिट करने की कोशिश करेगा। आपरेशन सिंदूर ने नई दिल्ली को यह नई सीख दी है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ जोखिम स्वीकार करना और पाकिस्तान अपने किसी भी दुस्साहस की कीमत चुकाए ऐसी क्षमताएं बढ़ाने में ही में भविष्य की राह निहित है। महज कुछ माह के अंतराल में अपनी दूसरी अमेरिकी यात्रा के दौरान पाकिस्तान सेना के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर ने भारतीय उपमहाद्वीप में परमाणु हथियारों से जुड़ा वितंडा खड़ा किया। उन्होंने भारत के मौजूदा बुनियादी ढांचे और भावी अहम परियोजना को निशाना बनाने की धमकी दी। उनकी इस धमकी को भारत की उस नई रणनीति के आलोक में देखने की जरूरत है, जिसमें नई दिल्ली ने दशकों पुराने रवैये को पीछे छोड़ते हुए आतंक की किसी भी घटना को देश पर हमले के रूप में मानते हुए उसके कड़े प्रतिकार की नई नीति बनाई है। इस नीति का उद्देश्य यह है कि पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस की स्थिति में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भारत की सैन्य कार्रवाई के प्रति समर्थन सुनिश्चित करते हुए उसकी करतूतों को उजागर किया जा सके। मुनीर की परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी वैसी ही बयानबाजी है, जैसी अक्सर पाकिस्तान की ओर से होती रहती है। कुछ पहलुओं पर इसकी पड़ताल भी जरूरी हो जाती है। यह किसी से छिपा नहीं रहा कि पाकिस्तान का कुलीन वर्ग और सेना मुख्य रूप से अपना अस्तित्व ही भारत के खिलाफ भावनाओं का भयादोहन करके ही बचाते आए हैं। पाकिस्तानी सेना देश और देश के बाहर नैरेटिव को नियंत्रित करने वाली सबसे प्रमुख कड़ी बनी हुई है। मुनीर की बयानबाजी पाकिस्तान सेना की इस छवि को नए सिरे से स्थापित करने का ही प्रयास है कि सेना पाकिस्तान की संप्रभुता की रक्षा करने में समर्थ है। पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठतम अधिकारी के रूप में मुनीर की पाकिस्तानी परमाणु नीति में बदलाव अपनी ओर से पेश किए जा रहे खतरे को दोहराने की कोशिश है। इसके पीछे की मूल मंशा मुनीर की उस मजहबी-वैचारिक सोच से जुड़ी है, जिसके अनुसार भारत को एक ऐसे हिंदू देश के रूप में देखा जाता है, जो पाकिस्तान के लिए खतरा है। परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर जोर देने की धमकी भारत के साथ रणनीतिक स्थिरता को पुनः संतुलित करने की कोशिश है। वर्ष 1998 में परमाणु क्षमता हासिल करने के बाद से ही पाकिस्तान नई दिल्ली पर परमाणु धमकियों के जरिये दबाव डालने की कोशिश कर रहा है। इसके जवाब में भारत अपनी पारंपरिक सैन्य कार्रवाइयों के माध्यम से अधिक जोखिम उठाकर डेटरेंस यानी निवारक क्षमता बढ़ाने और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के स्तर पर नए आयाम गढ़ने का काम करता आया है।

## आज का विचार







**मेष राशि:** कार्यक्षेत्र में विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर आपको शांत रहना होगा और वाणी पर भी संयम रखें। आपके लिए किसी भी विवाद में पड़ना परेशानी खड़ी कर सकता है। राजनीति के मामले में आपको किसी से बड़ा सहयोग मिल सकता है और कार्यस्थल पर विरोधियों की रणनीति भी फेल हो जाएंगे।

**वृषभ राशि:** दिन कारोबार और नौकरी के मामले में उत्तम रहने वाला है। आर्थिक मामलों में लाभ होगा और धन में वृद्धि होने के योग भी बन रहे हैं। कार्यस्थल पर नौकरी करने वालों को प्रमोशन मिल सकता है और प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी।

**मिथुन राशि :** हर मामले में आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है और कार्यक्षेत्र में लाभ कमाने के मौके मिलेंगे। आपके पराक्रम में भी वृद्धि होगी और धन लाभ के शुभ योग बन रहे हैं। धन में वृद्धि होने से मन प्रसन्न रहेगा और आपके रुके हुए काम भी अब पूरे हो सकते हैं।

**कर्क राशि:** आप किसी बात को लेकर परेशान रह सकते हैं। ऐसे में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना बेहतर होगा। व्यवसाय के मामले में कोई योजना आगे बढ़ सकती है। लेकिन आपको स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान होगा, अन्यथा इसका असर कामकाज पर भी पड़ सकता है।

**सिंह राशि :** आर्थिक मामलों में आपको सावधान रहना होगा। पैसों की लेन-देन के समय सतर्क रहें और जल्दबाजी में कोई फैसला न लें। ऐसा करने नुकसान हो सकता है। कार्यस्थल पर किसी अधीनस्थ कर्मचारी के चलते तनाव उत्पन्न हो सकता है। ऐसे में आपको धैर्य के साथ काम करना होगा।

**कन्या राशि :** कार्यक्षेत्र में किसी निर्णय लेने या कार्य की दिशा में आप थोड़ी उलझन में रह सकते हैं। लेकिन आर्थिक मामलों में दिन अच्छा रहेगा और आपको सफलता भी प्राप्त होगी।

**तुला राशि :** जो लोग नौकरी की तलाश में लंबे समय से लगे हुए हैं उन्हें कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता और रोजगार मिलने की भी संभावना है। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और आर्थिक मामलों में किए गए प्रयासों से उत्तम परिणाम प्राप्त हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** अगर आप लंबे समय से किसी बड़े कर्ज में फंसे हुए थे तो अब छुटकारा मिलने की संभावना है। वहीं, व्यापार के मामले में भी आपको सफलता प्राप्त होगी और स्वास्थ्य बेहतर होता जाएगा। लेकिन खानपान पर ध्यान जरूर दें।

**धनु राशि :** कार्यक्षेत्र में आपको विरोधियों से सावधान रहना होगा, अन्यथा वे आपके खिलाफ कोई रणनीति बना सकते हैं। वहीं, आर्थिक मामलों में सफलता प्राप्त हो सकती है और मधुर वाणी और व्यवहार के चलते आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

**मकर राशि :** कार्यक्षेत्र में धैर्य के साथ काम करने से आपके सारे जरूरी काम समय पर पूरे होंगे और नौकरी करने वालों को भी सफलता प्राप्त हो सकती है। आपको कोई उपहार या विशेष सम्मान भी प्राप्त हो सकता और दूसरों से सहयोग मिलने से भी मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ राशि :** राजनीति की दिशा में किए गए प्रयासों से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है और शासन सत्ता का सहयोग मिलने की भी संभावना है। कार्यक्षेत्र में पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक मामलों में बजट बनाकर खर्चे करना बेहतर रहेगा और आपकी मुलाकात किसी घनिष्ठ मित्र से भी हो सकती है। व्यापार के मामले में किसी यात्रा पर जाने के योग भी बन सकते हैं।

**मीन राशि :** व्यवसाय के मामले में दिन अच्छा रहेगा और लाभ कमाने के मौके मिल सकते हैं। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और सम्मान भी बढ़ेगा। अगर लंबे समय से किसी समस्या या विवाद का सामना कर रहे थे तो अब उससे भी छुटकारा मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में किसी कार्य के पूरे होने से आपकी सराहना भी की जाएगी और वर्चस्व में वृद्धि होगी। परिवार के मामले में भी दिन अच्छा रहेगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# भ्रष्टाचार रुकेगा तो बढ़ेगा भारत, भ्रष्ट तत्वों पर सख्ती से लगानी होगी लगाम

> अपने देश में भ्रष्ट सरकारी अफसरों-कर्मियों को दंडित करना अब भी कठिन है। शीर्ष स्तर के भ्रष्ट अफसरों को तो दंड देना कुछ ज्यादा ही कठिन है। कई बार नेताओं से भी अधिक। यह ठीक है कि उन्हें एक हद तक संरक्षण मिलना चाहिए ताकि वे बिना किसी भय और दबाव के फैसले ले सकें लेकिन इस कवच के दायरे में भ्रष्ट तत्व क्यों आने चाहिए?

प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से 103 मिनट के अपने लंबे संबोधन में देश-दुनिया का ध्यान खींचने वाली जो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं, उन पर अब तक चर्चा हो रही है। इसलिए हो रही है, क्योंकि कुछ घोषणाएं देश का कायाकल्प करने वाली हैं। जीएसटी में व्यापक बदलाव समेत नए दौर के आर्थिक सुधार लाने, रोजगार की नई योजना शुरू करने, डेमोग्राफी मिशन की तैयारी से लेकर रक्षा से जुड़ी सुदर्शन चक्र और ऊर्जा सुरक्षा संबंधी समुद्र मंथन जैसी योजनाओं की घोषणाएं ऐसी हैं कि यदि उन पर आधा भी अमल हो सके तो देश का भाग्योदय हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जब से कार्यभार संभाला है, तब से ही अर्थात 2014 से लाल किले से दिए गए उनके भाषणों की कुछ बातों का उल्लेख रह-रह कर होता है। ऐसी कुछ घोषणाओं ने तो प्रभावी योजनाओं का रूप भी लिया, जैसे स्वच्छ भारत अभियान, शौचालय निर्माण, आयुष्मान भारत योजना, कृषि सम्मान निधि आदि। प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ भी कुछ न कुछ कहते रहे हैं। 2024 में उन्होंने दो टूक कहा था, ह्यभ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी लड़ाई ईमानदारी के साथ जारी रहेगी और भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई जरूर होगी। मैं उनके लिए भय का




वातावरण पैदा करना चाहता हूं। देश के सामान्य नागरिकों को लूटने की जो परंपरा बनी है, उसे मुझे रोकना है ह्व इसके अलावा वे पीएम बनने के पहले यह भी कह चुके हैं कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। क्या यह कहा जा सकता है कि भ्रष्ट तत्वों के लिए भय के वातावरण का निर्माण हो सका है? इसका सीधा जवाब है-नहीं। केवल यह कहना ही सही नहीं कि सरकारी क्षेत्र में जहां किसी तरह का निर्माण, वहां भ्रष्टाचार। सच यह भी है कि जहां भी किसी तरह का सरकारी दखल, वहां पैसे लेने-देने का चलन। यदि सरकारी तंत्र को कोई अनुमति-स्वीकृति देनी है या किसी तरह का प्रमाणन या नवीनीकरण करना है तो वह बिना जेब ढीली किए होना मुश्किल है। कई बार लोगों के जायज काम भी कुछ दिए बिना नहीं होते और सब जानते हैं कि नाजायज काम होते रहते हैं। सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार बढ़ते-बढ़ते इतना व्यापक हो गया है कि वह निजी क्षेत्र में भी घुस गया है। सरकारी क्षेत्र में मलाईदार पदों पर नियुक्तियों, कोई काम या ठेका देने अथवा खरीद में जैसा भ्रष्टाचार है, वैसा ही कुछ-कुछ निजी क्षेत्र में भी है। कमीशनबाजी हर कहीं है। यह है तो दलाली और घूसखोरी ही, पर अब उसे सुविधा शुल्क भी कहते हैं। इसके आधार पर ऐसे निष्कर्ष पर भी नहीं पहुंचा जाए कि देश गड्ढे में जा रहा है अथवा सबके सब सरकारी अधिकारी-और कर्मचारी भ्रष्ट हैं। ऐसा नहीं है। भारत विरोधाभासों का देश है। अपने यहां कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी भी हैं और वे अपना काम सही तरीके से भी करते हैं। कुछ तो फोन पर भी जनता की शिकायत सुनकर उसका समाधान कर देते हैं, पर यह कहना बहुत कठिन है नौकरशाही में उनकी ही अधिकता है। ऐसा होता तो आज परिदृश्य कुछ और होता। इसके बाद भी यह सही से काम करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की ही कर्तव्यनिष्ठा का नतीजा है कि कुछ सरकारी विभागों का कामकाज सुधरा और सुगम हुआ है। इसका लाभ भी मिला है। यदि उदाहरण देना हो तो पासपोर्ट कार्यालय, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) आदि का दिया जा सकता है। राज्य सरकारों के भी कुछ विभागों के कामकाज में सुधार के साथ पारदर्शिता बढ़ी है। यदि कहीं-कहीं सरकारी काम में लगने वाला समय कम हुआ है, कुछ सरकारी दफ्तरों में कतारें कम या खत्म हुई हैं और समय के साथ औसत लोगों की आय बढ़ी है एवं देश पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तो इसका मतलब है कि कुछ अच्छा हुआ है और हो रहा है, लेकिन क्या हम विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में सही गति और दिशा में बढ़ रहे हैं? हम विकसित देश के लक्ष्य को पाने की सही गति और दिशा पकड़ सकें, इसके लिए अभी बहुत कुछ करना है-केंद्र सरकार को भी, राज्य सरकारों को भी और सबसे बड़ी बात उनकी नौकरशाही को भी। भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों के गठजोड़ को प्राथमिकता के आधार पर खत्म करना होगा। यह गठजोड़ स्थानीय निकायों के स्तर पर ही शुरू हो जाता है। यदि सरकारी वेतन बढ़ रहे हैं तो सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती भी बढ़ानी होगी। भ्रष्ट तत्वों के मन में सचमुच दंडित होने का भय होना चाहिए, भले ही वे कितने ही उच्च पद पर हों। भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती दिखाने की बातें तो होती रहती हैं, लेकिन नतीजा वैसा नहीं, जैसा दिखना चाहिए। अपने देश में भ्रष्ट सरकारी अफसरों-कर्मियों को दंडित करना अब भी कठिन है। शीर्ष स्तर के भ्रष्ट अफसरों को तो दंड देना कुछ ज्यादा ही कठिन है। कई बार नेताओं से भी अधिक। यह ठीक है कि उन्हें एक हद तक संरक्षण मिलना चाहिए, ताकि वे बिना किसी भय और दबाव के फैसले ले सकें, लेकिन इस कवच के दायरे में भ्रष्ट तत्व क्यों आने चाहिए? निःसंदेह कोई भी देश और यहां तक कि लाखों की आबादी वाले देश भी भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त नहीं, लेकिन वे भ्रष्ट तौर-तरीकों पर प्रभावी रोक लगा सकते हैं। सबसे अधिक आबादी वाला भारत भी ऐसा कर सकता है। जब भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी, तभी भारत तेजी से आगे बढ़ेगा और विकसित देश के सपने को साकार करेगा।

# आर्थिक तथा सामरिक महाशक्ति बननें अग्रसर भारत

**संजीव ठाकुर**

पिछले 11 वर्षों में भारत की चौतरफा विकास की गति को पूरा विश्व अपनी आंखों से देख रहा है। अब भारत एशिया का बड़ी शक्ति केंद्र बनकर उभर रहा है। चीन के बाद भारत बहुत बड़ी सामरिक शक्ति भी बन चुका है। भारत ने अन्न तथा दवाइयां, मेडिकल इक्विपमेंट लोहे से बनी सामग्रियां एवं सामरिक महत्व के हवाई जहाज पानी के जहाज एवं अन्य आवश्यक अस्त्र-शस्त्र निर्माण करने में अग्रणी भूमिका का संचालन शुरू कर दिया है। अब भारत शस्त्रों का निर्यातक भी बन गया है। रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान रुस से भारत ने कच्चा तेल आयात कर उसे भी परिष्कृत करने के बाद दूसरे देशों में बेचना शुरू कर दिया और यह बात अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप को नागवार गुजरी जिसके फलस्वरुप उसने 25 से लेकर 50% तक आयात शुल्क लगाकर एक नया विवाद शुरू कर दिया है। जिससे भारत तथा अमेरिका के रिश्तो में अस्थाई रूप से खटास आ गई है।

स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न द्दष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत अब एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक द्दष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था। समय समय मैं सरकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा। आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन



चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है। अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ हैह्व

मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हू जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया हैह्व अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का जन्म करवाया थाह्व

पर मैं यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हू. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ हैह्व आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड ब्राजील इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्र प्रमुख ने उनके चरण छूकर उनका अभिवादन किया ,यह संभवत चमत्कारिक प्रभाव भारत के शक्तिशाली होने एवं वैश्विक शांति के प्रति देश की प्रतिबद्धता के कारण ही हुआ है पर दूसरी तरफ भारत की अंदरूनी स्थिति में भारत 141 करोड़ की जनसंख्या वाला देश हो गया हैह्व विकास की कल्पना में भारत आर्थिक तौर पर एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो, इस स्थान पर गरीबी बेरोजगारी असमानता का उन्मूलन हो चुका हो। इसी तरह भारत कच्चे तेल के संकट से मुक्त होकर उर्जा संपन्न देश बने और भारतीय मुद्रा का चलन वैश्विक स्तर मैं सम्मान पूर्वक हो सके। सामाजिक स्तर पर विभिन्न लक्षित वर्गों जैसे दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, आदिवासी, महिलाओं तथा बच्चों के लिए लाभकारी नीति बनाई जानी चाहिए। अभी महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के के साथ सामाजिक तथा प्रशासनिक, वैज्ञानिक, चिकित्सकीय स्तर पर केवल कागजों में दिखाई देती है नारी प्रताड़ना का प्रतिशत अभी भी भारत में बहुत ज्यादा है। ग्रामीण क्षेत्र में बाल श्रम की स्थिति विकराल है अनाज का पर्याप्त भंडारण होने के बावजूद भूखमरी तथा बेरोजगारी भारत में सिर चढ़कर बोल रही है। इसी तरह भारत में सुरक्षा की द्दष्टि से बहुत बड़ी बड़ी चुनौतियां हैं जैसे धार्मिक उन्माद, नक्सलवाद, चरमपंथी विचारधारा तथा विभिन्न राज्यों के आपसी विवादों से हमें मजबूती से निपटना होगा तब जाकर विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा सकता है। भारत की प्रति व्यक्ति आय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपेक्षित रूप से बहुत कम है। भारत अभी वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा के उच्च स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे वह हर देश से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से संतुलन बनाकर आमने सामने बैठ कर बात कर सके और इतना सामर्थ हो भारत कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के आमंत्रित सदस्य बनकर बुलाए जाएं ।गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधी जी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्ति संपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।

# उपराष्ट्रपति के लिए राधाकृष्णन को आगे कर भाजपा ने विपक्ष को असमंजस में डाला

**रामस्वरूप रावतसरे**

एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के नाम पर भाजपा ने आम सहमति बनाने की शुरूआत कर दी है। भाजपा की कोशिश है कि उपराष्ट्रपति के चुनाव की नौबत ना आए और सर्वसम्मति से ही राधाकृष्णन को अगला उपराष्ट्रपति चुन लिया जाए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसके लिए कॉन्ग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से बातचीत की है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि भाजपा उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध चुनाव सुनिश्चित करने के लिए विपक्ष से बात करेगी। सभी विपक्षी दलों का समर्थन जुटाने की कोशिश में पूरी तरह से जुटी हुई है हालाँकि, कॉन्ग्रेस ने इस पर अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। चुनाव आयोग द्वारा जारी शेड्यूल के मुताबिक, 21 अगस्त 2025 उपराष्ट्रपति के उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने की आखिरी तारीख है। ऐसे में अगर आम सहमति नहीं बनती है तो विपक्षी गठबंधन आईएनडीआई को अगले 1-2 दिन में ही अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान करना होगा। 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराया जाना है। भाजपा ने अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर विपक्ष का सिर दर्द बढ़ा दिया है। मूल रूप से तमिलनाडु से आने वाले और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का नाम भाजपा द्वारा मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं और भाजपा लगातार दक्षिण भारत में विस्तार की कोशिश में लगी है। ऐसे में राधाकृष्णन का नाम भाजपा की सोची समझी चाल के तौर पर देखा जा रहा है। इसकी एक नहीं बल्कि कई वजहें हैं। राधाकृष्णन की उम्मीदवारी के बाद सबसे अधिक दुविधा में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके के प्रमुख एमके स्टालिन हैं। स्टालिन अब तक केंद्र के फैसलों का तमिल अस्मिता के नाम पर विरोध करते रहे हैं। अब अगर आईएनडीआई गठबंधन अपने उम्मीदवार का ऐलान करता है और वो तमिलनाडु से नहीं होता है तो तमिल अस्मिता का प्रश्न फिर स्टालिन को ही घेरेगा। अगर स्टालिन इस निर्णय पर एनडीए के साथ खड़े हो जाते हैं तो यह आईएनडीआई गठबंधन में टूट का स्पष्ट संकेत होगा। स्टालिन ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन उनकी पार्टी ने अपना नरम रुख दिखाना शुरू कर दिया है। विपक्षी गठबंधन की धुरी आज राहुल गांधी बन चुके हैं लेकिन इस स्थिति में सबसे बड़ी चुनौती उन्हीं के सामने है। वे जिस विपक्षी एकजुटता का दावा करते हैं, वह राधाकृष्णन के नाम से डगमगा सकती है। 2022 का उदाहरण उनके सामने है. जब जगदीप धनखड़ को भाजपा ने उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया था तो ममता विपक्षी मंच पर होने के बावजूद समर्थन करने को मजबूर हो गई थीं। अब वही दुविधा ठाकरे और स्टालिन के सामने है। अगर वे एनडीए के उम्मीदवार का समर्थन कर देते हैं तो यह मैसेज जाएगा कि कांग्रेस विपक्षी गठबंधन को एकजुट रखने में नाकाम है। राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठेंगे। आखिर उनके साथ खड़े होने वाले ही क्यों डगमगा जाते हैं? जानकारों के अनुसार मोदी और शाह की राजनीति की खासियत यह है कि वे चुनावी मुकाबले को सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं मानते बल्कि उसे मनोवैज्ञानिक लड़ाई बना देते हैं। राधाकृष्णन का नाम घोषित कर वे एक तीर से तीन निशाने साध चुके हैं। उद्धव ठाकरे को मजबूर कर दिया कि वे विरोध न कर पाएं। स्टालिन को ऐसी स्थिति में डाल दिया कि कोई भी फैसला उनके लिए भारी पड़े। राहुल गांधी को कमजोर दिखा दिया क्योंकि विपक्षी एकता अब सवालों के घेरे में आ गई। अगर उद्धव ठाकरे और स्टालिन जैसे बड़े चेहरे समर्थन की तरफ झुकते हैं

# पठान पिता-पुत्री सड़कों पर उतरकर चलाया सफाई अभियान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , लगातार दो दिनों की बारिश ने मुंब्रा और आसपास के इलाके में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए। बारिश का जमा पानी निकल गया लेकिन सड़कों और गलियों में कीचड़ छोड़ गया। नागरिकों की समस्या को देखते हुए बुधवार सुबह विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड की सलाह पर पूर्व नगर सेवक अशरफ शानू पठान और उनकी बेटी मरजिया पठान इस कीचड़ को हटाने के लिए सड़कों पर उतरीं। उन्होंने सिर्फ.तीन घंटे में कई लोगों के घरों और सड़कों पर जमा कीचड़ और कचरा हटाकर इलाके को चकाचक कर दिया। मंगलवार को हुई भारी बारिश के कारण मुंब्रा इलाके के कई हिस्सों में पानी जमा हो गया था। कई नागरिकों के घरों में पानी घुस गया था और भारी नुकसान हुआ था। साथ ही, नालियों का गंदा पानी नागरिकों के घरों में जमा हो गया था। राकांपा विधायक डॉ जितेंद्र आव्हाड और पठान घुटनों तक भरे पानी में चलकर लोगों की समस्याओं का निरीक्षण कर मदद की बात की। बारिश बंद होने के बाद पानी बह गया लेकिन सड़कों पर कीचड़ की एक परत जम गई थी। इस कीचड़ को हटाने के लिए शानू पठान और मरजिया पठान ने सुबह अलग-अलग टीमें बनाकर सफाई अभियान चलाया। उन्होंने सड़कों के साथ-साथ नागरिकों के घरों में जमा कीचड़ भी साफ किया। इस संबंध में शानू पठान ने कहा कि नाले की सफाई तो हुई, लेकिन वह ठीक से नहीं हुई। व्यवस्था की देखरेख न होने के कारण, कामचलाऊ नाले की सफाई की गई। इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ा। नागरिकों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने ठाणे मनपा से इसकी भरपाई करने की मांग आज पुनः दोहराया है।

# छात्र स्कूल वैन नियमों को अंतिम रूप देकर अधिसूचना जारी की जाए : प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई , स्कूल बसों के बढ़े हुए मासिक किराए के कारण अपने बच्चों के परिवहन के लिए अनधिकृत रिक्शा का विकल्प चुनने वाले अभिभावकों को राज्य सरकार से राहत मिलेगी। परिवहन विभाग छात्रों के सुरक्षित परिवहन के साथ-साथ रोजगार के अवसरों के लिए स्कूल वैन नियम ला रहा है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने आज निर्देश दिए कि इन नियमों को अंतिम रूप दिया जाए और इस संबंध में तुरंत अधिसूचना जारी की जाए परिवहन आयुक्त कार्यालय में आयोजित एक बैठक में स्कूल वैन के संबंध में एक प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस दौरान परिवहन मंत्री बोल रहे थे। बैठक में परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार, संयुक्त सचिव राजेंद्र होलकर, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त भरत कालस्कर, संयुक्त परिवहन आयुक्त जयंत पाटिल आदि उपस्थित थे। सेवानिवृत्त अतिरिक्त परिवहन आयुक्त जितेंद्र पाटिल ने प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर, मंत्री सरनाईक ने कहा कि पुराने नियमों में बदलाव किया जाना चाहिए और नियमों में ढील दी जानी चाहिए ताकि आधुनिक सुरक्षा और सुविधाओं से लैस सरकारी स्कूल वैन छात्रों को उपलब्ध हो सकें। स्कूल वैन का किराया मासिक आधार पर और वर्ष के केवल 10 महीनों की अवधि के लिए लिया जाना आवश्यक होना चाहिए। नियमों में परिवहन समितियों का सशक्तिकरण, महीने में एक बार समिति की बैठक आयोजित करना और छात्रों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक स्कूल द्वारा एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति शामिल होनी चाहिए। देश में सुरक्षित छात्र परिवहन के लिए, केंद्र सरकार ने स्कूल बस विनियमों (ऑटोमोटिव उद्योग मानक यानी अकर-063) के आधार पर स्कूल वैन विनियम (अकर-204) नामक अद्यतन मानक तैयार किए हैं। 12+1 सीटों तक के छात्रों के परिवहन के लिए चार पहिया वाहनों को स्कूल वैन का दर्जा दिया जाएगा। ये वाहन इर-श्क श्रेणी के होंगे। इसमें आधुनिक सुरक्षा तकनीकें जैसे चालक पहचान पत्र, आपातकालीन निकास, वाहन प्रवेश, स्पष्ट सीट डिजाइन के साथ भंडारण रैक, फायर अलार्म सिस्टम, वाहन ट्रैकिंग शामिल हैं, इस अवसर पर परिवहन मंत्री सरनाईक ने कहा है। परिवहन मंत्री ने कहा कि जो अभिभावक स्कूल बस का किराया नहीं दे पाते, वे छात्रों को लाने-ले जाने के लिए अवैध रिक्शा का सहारा लेते हैं। रिक्शा की तुलना में वैन में ज्यादा सुरक्षा व्यवस्था होती है, वैन के दरवाजे बंद होते हैं। चूँकि इसमें चार पहिये होते हैं, इसलिए गाड़ी के पलटने की संभावना नगण्य होती है। वैन में स्कूल बैग, पानी की बोतल और अन्य सामान रखने के लिए पर्याप्त जगह होती है।

फास्ट ट्रैक

# विधायक संजय केलकर नागरिक सुरक्षा दल के मुख्य वार्डन नियुक्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , शहर के विधायक संजय केलकर को नागरिक सुरक्षा दल का मुख्य वार्डन नियुक्त किया गया है। इस पद का कार्यकाल तीन वर्षों का है। हाल ही में कल्याण में आयोजित एक कार्यक्रम में, तत्कालीन जिलाधिकारी और नागरिक सुरक्षा दल के ठाणे संभाग नियंत्रक अशोक शिनगारे और उप नियंत्रक विजय जाधव की उपस्थिति में केलकर ने नियुक्ति पत्र ग्रहण किया। राजनीति को सामाजिक कार्यों से जोड़कर समाज सेवा में अथक परिश्रम करने वाले संजय केलकर के कार्यों को यह सम्मान मिला है और उनकी नियुक्ति पर सभी प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं। नागरिक सुरक्षा दल की स्थापना आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए की गई है। प्राकृतिक आपदाओं, मानव निर्मित आपदाओं या किसी अन्य आपात स्थिति में नागरिकों की सहायता के साथ-साथ, नागरिक सुरक्षा दल राज्य और देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। ठाणे जिले के हजारों स्वयंसेवक नागरिक सुरक्षा दल में कार्यरत हैं और पुलिस व प्रशासन की सहायता के लिए आते हैं। इससे पहले, संजय केलकर को 2003 से नागरिक सुरक्षा दल के सलाहकार और 2013 से 2016 तक तीन साल के लिए मुख्य वार्डन के रूप में नियुक्त किया गया था। इस कार्य में अपने काम से प्रभावित करने के बाद संजय केलकर को एक बार फिर तीन साल की अवधि के लिए नागरिक सुरक्षा बल के मुख्य वार्डन के रूप में नियुक्त किया गया है।

# गणेशोत्सव के दौरान मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई ,जनहित में, मूर्तियों के आगमन, गौरी गणपति विसर्जन, वापसी यात्रा आदि के लिए, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 155 के प्रावधानों के अनुसार, मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 66 पर 16 टन या उससे अधिक सकल भार क्षमता वाले वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। गणेशोत्सव की तैयारी के लिए, इस अवधि के दौरान 23 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे से 28 अगस्त की रात 11 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इसमें भारी वाहन, ट्रक, मल्टीएक्सल, ट्रेलर, लॉरी आदि शामिल हैं। इसके अलावा, 31 अगस्त और 2 सितंबर को सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक 5वें और 7वें दिन गणपति विसर्जन, गौरी गणपति विसर्जन और वापसी यात्रा के दौरान भारी यातायात प्रतिबंधित रहेगा। 6 सितंबर को सुबह 8 बजे से 7 सितंबर 2025 को रात 8 बजे तक 11वें दिन गणपति विसर्जन और वापसी यात्रा के दौरान भारी यातायात प्रतिबंधित रहेगा। राजमार्गों पर प्रतिबंध की अवधि को छोड़कर, शेष अवधि में, 16 टन या उससे अधिक भार क्षमता वाले वाहनों को 28 अगस्त की रात 11 बजे से 31 अगस्त की सुबह 8 बजे तक, 31 अगस्त की रात 11 बजे से 2 सितंबर की सुबह 8 बजे तक और 6 सितंबर की रात 11 बजे से 6 सितंबर की सुबह 8 बजे तक चलने की अनुमति होगी। साथ ही, 7 सितंबर की रात 8 बजे के बाद सभी वाहनों को नियमित रूप से चलने की अनुमति होगी।यह प्रतिबंध जेएनपीटी बंदरगाह से जयगढ़ बंदरगाह तक आयात-निर्यात माल परिवहन करने वाले वाहनों, दूध, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सिलेंडर, दवाइयाँ, तरल चिकित्सा ऑक्सीजन, खाद्यान्न, सब्जियाँ और शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं जैसे आवश्यक वस्तुओं का परिवहन करने वाले वाहनों पर लागू नहीं होगा। साथ ही, यह प्रतिबंध मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 66 पर सड़क चौड़ीकरण, सड़क मरम्मत कार्य और सामग्री, माल परिवहन करने वाले वाहनों पर भी लागू नहीं होगा। इस संबंध में, संबंधित परिवहन विभाग, राजमार्ग पुलिस परिवहनकताओं को प्रवेश परमिट जारी करने हेतु कार्रवाई करें। कोंकण और राजमार्गों पर जाने वाले गणेश भक्तों को ध्यान में रखते हुए, नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त और संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक मौजूदा स्थिति के अनुसार भारी वाहनों पर यातायात प्रतिबंधों में ढील देने के संबंध में अपने स्तर पर उचित निर्णय लें। संयुक्त सचिव राजेंद्र होलकर ने आदेश में यह भी कहा है कि जेएनपीटी और जयगढ़ बंदरगाह के माध्यम से आयात-निर्यात वस्तुओं का परिवहन जारी रहेगा और इसके लिए परिवहन व्यवस्था की जानी चाहिए।

# मोमिन वेलफेयर सोसाइटी (मोमिन जमात खाना) भिवंडी द्वारा छात्रवृत्ति वितरण



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,भिवंडी की सामाजिक संस्था मोमिन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मोमिन जमात खाना समद नगर कनेरी में वार्षिक छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया।100 से अधिक छात्रों को एसएससी के बाद उच्च शिक्षा विशेष रूप से बी ए,बी काम, इंजीनियरिंग,फामेर्सी,वाणिज्य, डी.एड., बी.एड.एवं अन्य व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्ति के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत मोमिन फय्याज गुलाम मुस्तफा मोमिन द्वारा पवित्र कुरान के पाठ से हुई। मोमिन फहीम अहम अब्दुल बारी मोमिन ने कार्यक्रम के उद्देश्य और लक्ष्यों के बारे में बताया। अतिथियों में शामिल तबस्सुम नियाज मोमिन (प्रधानाचार्य, राबिया गर्ल्स हाई स्कूल) ने छात्रों को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। विभिन्न संस्थानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वित्तीय स्थिति उच्च शिक्षा में बाधा नहीं है। एडवोकेट नियाज मोमिन ने छात्रवृत्ति को एक उपकार के बजाय सम्मान के रूप में वर्णित करते हुए गर्व से कहा कि वह स्वयं इस बात के गवाह हैं कि 40,45 साल पहले,उन्होंने भी मोमिन वेलफेयर सोसाइटी की छात्रवृत्ति का लाभ उठाया था। मोमिन सोहेल अहमद (अतरवाला) ने छात्रों एवं दर्शकों के सामने सोसायटी के सचिव सुबहान सिकंदर अंसारी की रिपोर्ट प्रस्तुत की। यूसुफ रमजान मोमिन,अताउर्रहमान अंसारी, इनामुल हक फारूक अंसारी,एडवोकेट खीफ नियाज मोमिन,अब्दुल अजीज अंसारी, हैदर अली मुहर्रम अली अंसारी ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और मोमिन वेलफेयर सोसाइटी की सेवाओं की सराहना की।सुबहान सिकंदर अंसारी ने विभिन्न अवसरों पर मेहमानों के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को व्यक्त किया।सीमाब अनवर मोमिन ने कार्यक्रम का संचालन किया। तुफैल जाकिर हुसैन (कोषाध्यक्ष),इमरान नजीर, मोअज्जम मुश्ताक मोमिन, अशफाक(चाचा),इश्तियाक बारादरी, सोहेल अतरवाला, मोमिन मुस्तफा,मुजीब शरीफ मोमिन,असीम अंसारी और अन्य सदस्यों और सहायकों के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

# गणेशोत्सव मंडल समन्वय समिति ने अपनी मांगों को लेकर उपमुख्याधिकारी को सौंपा ज्ञापन।

### गणेश उत्सव से पहले गड्ढों और स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने का किया आग्रह।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. महाराष्ट्र का महापर्व और राजकीय उत्सव गणेशोत्सव आगामी 27 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। सांसद डॉ श्रीकांत शिंदे और शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर के मार्गदर्शन में बुधवार 20 अगस्त को अंबरनाथ शहर के सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों और समितियों ने अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर नपा उप मुख्याधिकारी उमेश राउत को एक पत्र सौंपकर अपनी बात रखी।

1. गणेशोत्सव मंडल से मांगी गई 1000 और 2000 रुपये तक की फीस समाप्त की जाए।

2.गणेशोत्सव के दौरान गणेश जी के आगमन एवं विसर्जन जुलूस के दौरान सड़कों पर बने गड्ढे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। अतः इन गड्ढों को तत्काल भरा जाए।

3. नगरपालिका को पुलिस स्टेशन, एमएसईबी और यातायात एजेंसियों के साथ समन्वय करके सार्वजनिक मंडलों को तत्काल अनुमति देनी चाहिए।

4 गणेश विसर्जन के लिए पारंपरिक खदानों और तालाबों की उचित सफाई की जानी चाहिए। विगत वर्ष यह समस्या उभर कर आती थी।

उप मुख्याधिकारी को पत्र सौंपते समय गणेशोत्सव समन्वय समिति के अध्यक्ष संजय गावड़े,जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट अमोल वाजे,कार्याध्यक्ष प्रकाश डावरे,पूर्व नगरसेवक शशांक गायकवाड और रोहित सूर्यवंशी के साथ मंडलों के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मोरबे बांध 100 प्रतिशत भरने से नवी मुंबई जल-समृद्ध , आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने नागरिकों को बधाई दी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई ( युनिस खान ) पिछले छह दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण, नवी मुंबई मनपा का मोरबे बांध अपनी पूरी क्षमता से 100 प्रतिशत भर गया है। आज, 20 अगस्त को सुबह 3.10 बजे 1123 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। प्रकृति की कृपा से नवी मुंबई में आई इस जल-समृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने नवी मुंबई के सभी नागरिकों को बधाई दी है।नवी मुंबई स्वतंत्रता के बाद अपना स्वयं का बांध रखने वाला एकमात्र मनपा है और मोरबे बांध के कारण नवी मुंबई को जल-समृद्ध मनपा के रूप में जाना जाता है। 450 डी.एल.एल. नवी मुंबई मनपा के मोरबे बांध क्षेत्र के जलग्रहण क्षेत्र, जिसकी दैनिक क्षमता 100 मीटर है। पिछले छह दिनों से भारी बारिश हो रही है और आज, बुधवार, 20 अगस्त 2025, सुबह 3.10 बजे, मोरबे बांध के दोनों 12 मीटर ७ 3 मीटर घुमावदार द्वार 25 सेंटीमीटर तक खोल दिए गए और 1123 क्यूसेक पानी धवारी नदी तल में छोड़ा गया। मोरबे बांध क्षेत्र में रात से बारिश बढ़ गई है और दोपहर से 3114 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। पिछले वर्ष, मोरबे बांध 29 अगस्त 2024 को 100 प्रतिशत भरा था, इस वर्ष, मोरबे बांध 20 अगस्त को ही 100 प्रतिशत भर गया। इस वर्ष, बांध क्षेत्र में अब तक 3339.40 मिमी वर्षा दर्ज की गई है और जल स्तर 88 मीटर पर है। बांध में 190.89 डी.एल.एच.एम. जल संग्रहण है और बांध के पूरी तरह भर जाने के बाद आज इसमें से पानी छोड़ा गया। बांध के पूरी तरह भरने से पहले, रायगढ़ जिला कलेक्टर, खालापुर तहसीलदार, कर्जत उप-विभागीय अधिकारी, खालापुर उप-विभागीय पुलिस अधिकारी को एक पत्र भेजा गया था, जिसमें धावड़ी नदी के किनारे के सरपंच, तलाठी, ग्राम सेवक, ग्राम विकास अधिकारी, पुलिस पाटिल और अन्य गांवों, चौक, जांभीवली, असारे, धारणी, तुपगांव, असरोटी, कोपरी और नदी के किनारे और पातालगंगा नदी के अन्य गांवों को सतर्क रहने के निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया था। क्योंकि बांध का पानी छोड़े जाने के बाद नदी का जल स्तर बढ़ जाएगा। जिसके लिए उचित कार्रवाई की गई। स्थानीय निवासियों से नदी तल में प्रवेश न करने की सार्वजनिक अपील भी की गई है। यद्यपि मोरबे बांध में प्रचुर मात्रा में पानी उपलब्ध है, फिर भी नवी मुंबई के समझदार नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे पानी के महत्व को समझें और इसका संयम से उपयोग करें।

# सफाई कर्मचारी पर जानलेवा हमला

### मृत्यु प्रमाण पत्र विवाद में परिवार ने की पिटाई, कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिजार्पुर, कटरा कोतवाली क्षेत्र में एक सफाई कर्मचारी पर हमले का मामला सामने आया है। नगर पालिका के सफाई नायक झब्बूलाल लाल चिनिहवा इनारा क्षेत्र में सफाई कार्य करा रहे थे। इस दौरान एक परिवार से मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर विवाद हो गया। चौबेटोला वार्ड में हुई। विवाद की जड़ 1996 में हुई एक मौत का मामला था। सफाई नायक ने मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए शपथ पत्र मांगा। इस बात पर कुछ लोग भड़क गए। उन्होंने पहले कहासुनी की। फिर सफाई नायक का सरकारी रजिस्टर और बैग छीन लिया। इसके बाद परिवार के अन्य लोग भी वहां आ गए। सभी ने मिलकर सफाई नायक की पिटाई कर दी। इस हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में नगर पालिका कर्मचारी कटरा कोतवाली पहुंच गए। वे हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। सफाई कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो नगर में कूड़ा उठाने का काम बंद कर देंगे और प्रदर्शन करेंगे। पालिकाध्यक्ष भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कटरा कोतवाली प्रभारी ने हमलावरों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

# खाद विक्रेताओं पर कार्रवाई

### अनियमित बिक्री पर दो दुकानें सील, दो का लाइसेंस निलंबित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, किसानों से ओवर रेटिंग और अनियमितता की शिकायतों के बाद खाद विक्रेताओं पर कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन ने सिंह फर्टिलाइजर एजेंसी, सुगापाख पटेहरा और आदर्श कृषि सेवा केंद्र ड्रमण्डगंज लालगंज को सील कर दिया। साथ ही फर्टिलाइजर ट्रेडर्स और सिंह फर्टिलाइजर, जोगवा माइनर जमालपुर का लाइसेंस निलंबित किया गया। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर तहसील और ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों की टीम बनाई गई। जिला कृषि अधिकारी ने चुनार, मड़िहान और लालगंज तहसीलों के उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। हलिया सहकारी समिति में किसानों को सीधे उर्वरक वितरण कराया गया। जिले में खरीफ सीजन के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है।

यूरिया 7063 मीट्रिक टन, डीएपी 3811 मीट्रिक टन, एसएसपी 931 मीट्रिक टन और एनपीएस 1775 मीट्रिक टन मौजूद है। सभी विक्रेताओं को कैश मेमो और पीओएस मशीन से बिक्री करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों की शिकायतों के लिए विकास भवन स्थित जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यहां सुबह 10 से शाम 5 बजे तक किसान अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

# सपा की साइकिल यात्रा

### 22 अगस्त को लखनऊ में होगा समापन, वोट चोरी के खिलाफ चल रहा अभियान



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, समाजवादी पार्टी की पीडीए साइकिल यात्रा शाहजहांपुर पहुंची। यात्रा का नेतृत्व कर रहे मोहन यादव और उनके साथियों का सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने फूलमालाओं से स्वागत किया। साइकिल यात्रा के नेता मोहन यादव ने कहा कि यह यात्रा वोट चोरी के विरोध में है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार में सभी वर्गों के अधिकारों का हनन हो रहा है। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने भाजपा पर फर्जी वोट से सरकार बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह कार्य संविधान के विरुद्ध है। यात्रा में देवेंद्र यादव, रविंद्र यादव, अभिषेक यादव, राजकुमार मौर्य और शरद यादव शामिल हैं। कार्यकताओं ने नारेबाजी के साथ यात्रा को सीतापुर के लिए रवाना किया। यह साइकिल यात्रा 22 अगस्त को लखनऊ में समाप्त होगी।

# पुलिस-चौकी के रसोईए ने की दबंगई, पुलिस के सामने मारा-थप्पड़

### युवक के घर घुसकर की मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, चौक कोतवाली क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने जमकर मारपीट हुई। पुलिस चौकी का रसोईया काशीराम कॉलोनी के एक युवक से भिड़ गया। विवाद के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आरोपी को बाइक पर बैठाकर ले जा रही थी। तभी उसने युवक को थप्पड़ जड़ दिया। घटनाक्रम के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

रसोईए ने युवक के घर में घुसकर पूरे परिवार के साथ मारपीट की। दोनों पक्षों में जमकर थप्पड़ चले और बालों को नोचा गया। इस दौरान एक बच्चा रोता रहा। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग किया। लेकिन रसोईए ने पुलिस की मौजूदगी में भी युवक को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस एक आरोपी को चौकी ले गई है।चौक कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज चौकी पर तैनात यह रसोईया पुलिस के लिए खाना बनाता है। पुलिस से नजदीकी के कारण वह क्षेत्र में अपना रौब दिखाता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

# अफीम किसानों को राहत देने के लिए वित्त-मंत्रालय में बैठक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से मुलाकात के दौरान भाजपा सांसद अरुण सागर ने अफीम किसानों के हित में कई अहम सुझाव रखे। सांसद ने लाइसेंस हस्तांतरण प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग की। सांसद ने मंत्री को दिए पत्र में कहा कि लाइसेंस धारक की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारियों को लाइसेंस हस्तांतरण में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे किसानों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि नियमों का पालन करने वाले और अच्छी फसल देने वाले किसानों को वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाए। लाइसेंस हस्तांतरण के लिए एक स्पष्ट नीति बनाने की मांग की गई है। इसमें कानूनी वारिस को प्राथमिकता दी जाए। आवश्यक दस्तावेजों की स्पष्ट सूची हो। दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की सुविधा मिले। हस्तांतरण प्रक्रिया 30 दिन में पूरी हो। सांसद ने सुझाव दिया कि पंचायतों और स्थानीय कार्यालयों के माध्यम से वारिसों को जागरुक किया जाए। एक हेल्पलाइन और सहायता केंद्र की स्थापना की जाए। जिला स्तर पर एक कमेटी बनाई जाए। यह कमेटी पात्र वारिसों को बिना देरी लाइसेंस मिलना सुनिश्चित करे। सांसद का मानना है कि इन सुधारों से अफीम की खेती पर निर्भर परिवारों को राहत मिलेगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और किसानों का विश्वास बढ़ेगा।



## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक
(भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण
(भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प ने वेनेजुएला के पास 3 वॉरशिप भेजे

## ड्रग्स माफिया से निपटना मकसद, वेनेजुएला ने जवाब में 45 लाख लड़ाके तैनात किए, कहा- अमेरिका पागल हुआ

एजेंसी

वॉशिंगटन डी सी/कराकस, ट्रम्प प्रशासन ने वेनेजुएला के पास तीन वॉरशिप तैनात भेजे है। वॉरशिप अगले कुछ घंटों में वेनेजुएला के तट के पास पहुंच जाएंगे। रॉयटर्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को कहा था कि ये तैनाती ड्रग कार्टेल्स (ड्रग्स की तस्करी करने वाले ग्रुप्स) और इससे जुड़ी हिंसा को रोकने के लिए किया जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि वेनेजुएला की सरकार ड्रग तस्करी को बढ़ावा दे रही है। वहीं, वेनेजुएला ने अमेरिका के इन आरोपों को खारिज किया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सोमवार को वॉरशिप तैनाती के खिलाफ 45 लाख सैनिकों को तैनात करने का ऐलान किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, यूएसएस ग्रेवली, यूएसएस जेसन डनहम और यूएसएस सैम्पसन नाम के तीन एजिस गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर वॉरशिप



जल्द ही वेनेजुएला के तट पर पहुंचेंगे। तीनों वॉरशिप हवा, समुद्र, और पनडुब्बी हमलों से रक्षा करने में माहिर है। इनके साथ 4,000 सैनिक, ढ-8अ पोसाइडन विमान, और एक हमलावर पनडुब्बी भी शामिल है। यह अगले कुछ महीनों तक इस इलाके में ड्रग तस्करी के खिलाफ अभियान में शामिल रहेंगे। वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने मंगलवार को एक बयान में कहा, 'अमेरिका का वेनेजुएला पर ड्रग तस्करी का आरोप उसकी विश्वसनीयता की कमी को दिखाता है।' गिल बोले, 'हम शांति और संप्रभुता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका की हर धमकी यह साबित करती है कि वह एक स्वतंत्र देश को झुका नहीं सकता।' ट्रम्प प्रशासन मादुरो को दुनिया के सबसे बड़े ड्रग तस्करों में से एक मानता है। अमेरिका ने 8 अगस्त को मादुरो की गिरफ्तारी के लिए इनाम की राशि को दोगुना करके 435 करोड़ रूपए कर दिया। इससे पहले मादुरो पर 217 करोड़ रुपए का इनाम था। इसके अलावा उनसे जुड़े 6 हजार करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति भी जब्त की गई है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। ट्रम्प प्रशासन का आरोप है कि मादुरो ड्रग तस्कर हैं और ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानाइल मिला कोकीन भेज रहे हैं। मादुरो पर 2020 से न्यूयॉर्क की एक अदालत में नार्को-आतंकवाद और कोकेन तस्करी के आरोप में मामला दर्ज है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ड्रग माफिया को अमेरिका के लिए बड़ा खतरा बताया है। उनका कहना है कि ये गिरोह न केवल अमेरिका में फेंटानिल और दूसरी नशीली दवाओं की तस्करी कर रहे हैं, बल्कि कई शहरों में हिंसा को भी बढ़ावा दे रहे हैं। ट्रम्प ने मेक्सिको की नई राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम से भी ड्रग माफिया के खिलाफ और सख्ती बरतने को कहा है। हालांकि, मेक्सिको ने साफ कर दिया है कि वह अपने देश की संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं करेगा और अमेरिकी सेना के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करेगा।

# इजराइल ने गाजा-सिटी पर कब्जे की प्लानिंग को मंजूरी दी

## 60 हजार रिजर्व फोर्स को ड्यूटी पर बुलाया; कुल 1.30 लाख सैनिक तैनात करेगा

एजेंसी

तेल अवीव, इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए उन्होंने करीब 60 हजार एक्स्ट्रा सैनिकों (रिजर्व फोर्स) को ड्यूटी पर बुलाने का आदेश दिया है। इजराइल के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। इजराइल ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए 1.30 लाख सैनिकों को मोर्चे पर तैनात करने का फैसला किया है। सैनिकों को ड्यूटी जॉइन करने से कम से कम 2 हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितंबर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाएंगे। दूसरी खेप



नवंबर-दिसंबर में और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान को गिदोनह्लस चेरीअट्स-बी नाम दिया गया है। इस दौरान पहले से ड्यूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा 30-40 दिन और बढ़ा दी जाएगी। इस कार्रवाई में 5 आर्मी डिवीजन शामिल रहेंगी। इसमें 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट शामिल होंगी। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नॉर्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा लेंगी। इजराइल यह कदम हमास पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है, क्योंकि गाजा में लगभग दो साल से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए एक नई शांति योजना पर काम हो रहा है। इस नई योजना में 60 दिन तक युद्ध रोकने, बंधकों को चरणबद्ध तरीके से छोड़ने, कुछ फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने और गाजा में खाने-पीने की चीजें पहुंचाने पर बात हो रही है। कतर ने कहा कि यह योजना पहले की एक योजना जैसी है, जिसे इजराइल ने मंजूर किया था। मिस्र ने कहा कि अब इजराइल को फैसला करना है। इजराइली सेना ने बताया है कि गाजा सिटी पर कब्जे की तैयारी शुरू हो चुकी है। अभी गाजा सिटी के बाहरी इलाकों में ऑपरेशन चल रहा है। जैतून इलाके में नहल और 7वीं आर्मर्ड ब्रिगेड ऑपरेशन चला रही है। वहीं एक दूसरे इलाके, जबालिया में गिवाती ब्रिगेड कफ्र ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। यह अभियान कई स्टेप में चलेगा। सबसे नागरिकों को गाजा सिटी खाली करने का नोटिस मिलेगा। इसके लिए अंतिम तारीख 7 अक्टूबर 2025 तय की गई है। इसके बाद सेना शहर को चारों तरफ से घेरकर अंदर बढ़ेगी। इजराइल ने गाजा सिटी से लगभग 10 लाख लोगों को साउथ गाजा भेजने का प्लान बनाया है।

# मलेशिया में नमाज पढ़ना भूले तो 2 साल की जेल

## 60 हजार जुर्माना भी लगेगा, तेरेंगानू राज्य के शरिया कानून में हुआ बदलाव

एजेंसी

कुआलालंपुर, मलेशिया में जुमे की नमाज पढ़ना भूलने पर अब जेल हो सकती है। गार्डियन के मुताबिक तेरेंगानू राज्य में पैन-मलेशियाई इस्लामिक पार्टी (पीएएस) की सरकार ने सोमवार को कहा कि नमाज पढ़ना छोड़ने या भूलने पर 2 साल की जेल या 3000 रिंगिट (62 हजार रुपए) का जुमार्ना या फिर दोनों लगाया जा सकता है। तेरेंगानू में यह प्रावधान अगले सप्ताह से लागू हो जाएगा। इसे मलेशिया की पैन-मलेशियाई इस्लामिक पार्टी (पीएएस) ने लागू किया है। कानून लागू कराने की जिम्मेदारी जनता और धार्मिक लोगों की होगी। नमाजियों को साइनबोर्ड के जरिए नए नियम की याद दिलाई जाएगी। तेरेंगानू एक मुस्लिम बहुल राज्य है, जहां 12 लाख की आबादी में 97% से ज्यादा लोग मुस्लिम हैं। यहां पर पहले भी नमाज न पढ़ने को लेकर कड़े कानून थे। पहले के नियमों में केवल उन लोगों को सजा दी जाती थी, जो लगातार तीन शुक्रवार की नमाज में शामिल नहीं होते थे। उस सजा में अधिकतम 6 महीने की जेल या 1,000 रिंगिट (लगभग 20,606 रुपए) का जुमार्ना शामिल था। नए कानून ने सजा को और कड़ा कर दिया है। तेरेंगानु राज्य विधानसभा के सदस्य मुहम्मद खलील हादी ने कहा कि, 'यह



सजा हमारे धर्म को बचाने के अंतिम उपाय के रूप में लागू की जाएगी।' उन्होंने कहा, 'शुक्रवार की नमाज मुसलमानों के बीच एक धार्मिक प्रतीक है।' पैन-मलेशियाई इस्लामिक पार्टी (पीएएस) मलेशिया की मुस्लिम राजनीतिक पार्टी है, जिसका गठन 24 नवंबर 1951 को हुआ था। यह पार्टी इस्लामिक कानून (शरिया) को लागू करने और मलेशिया को इस्लामिक राज्य बनाने के प्रयासों लिए जानी जाती है। पीएएस खासकर मलय मुस्लिम समुदाय के हितों पर जोर देती और ग्रामीण और रूढ़िवादी इलाकों से इसे मजबूत समर्थन मिलता है। पीएएस की मलेशिया के 13 में से 8 राज्यों में सरकार है। पीएएस शरिया और हुदूद (इस्लामिक आपराधिक दंड) को देशभर में लागू करने की वकालत करता है, खासकर केलंतान और तेरेंगानु इलाके में। तेरेंगानु एकमात्र ऐसा मलेशियाई राज्य है जिसकी विधान सभा में कोई विपक्ष नहीं है, यहां 2022 में सभी 32 सीटों पर पीएएस को जीता था।

मलेशिया में शरिया कानून सबसे पहले 2001 में तेरेंगानू राज्य विधानसभा ने पारित किया था। बाद में इसे 2016 में संशोधित किया गया, जिसमें कई अपराधों के लिए सख्त सजाए जोड़ी गईं। इनमें रमजान में खाना-पीना, जुमे की नमाज छोड़ना और महिलाओं को सार्वजनिक स्थान पर परेशान करना शामिल था।

# अमेरिका ने 6000 स्टूडेंट वीजा रद्द किए

## इनमें से 4000 अपराध और आतंकवाद में शामिल; वर में 11 लाख विदेशी छात्र

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका ने 6000 से ज्यादा इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के वीजा रद्द कर दिए हैं। जांच में पाया गया कि इनमें से कुछ ने कानून तोड़ा, कुछ वीजा एक्सपायर होने के बाद भी रुके हुए थे, जबकि कुछ गंभीर अपराधों में शामिल थे। अमेरिका में रद्द किए गए 6000 वीजा में से लगभग दो-तिहाई यानी करीब 4000 वीजा धारक अपराधों में शामिल थे। इनमें मारपीट, चोरी



और नशे में गाड़ी चलाना शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि कुछ मामले आतंकवाद से भी जुड़े थे। 2023-24 में अमेरिकी कॉलेजों में 11 लाख से ज्यादा विदेशी छात्र पढ़ रहे थे। सरकार को चिंता है कि कुछ लोग एजुकेशन वीजा का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वजह से वीजा नियमों की जांच को और सख्त किया जा रहा है। अमेरिका ने 200 से 300 स्टूडेंट वीजा आतंकवाद से जुड़े मामलों की वजह से रद्द किए हैं। इन वीजा को इमिग्रेशन और नेशनैलिटी एक्ट की उस धारा के तहत रद्द किया गया, जो आतंकवाद और सुरक्षा से जुड़ी है। इन मामलों की डिटेल जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। अधिकारियों का कहना है कि इन घटनाओं में न सिर्फ अमेरिकी कानूनों का उल्लंघन किया गया, बल्कि कॉलेज कैंपस और आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा किया गया। अमेरिकी सरकार इंटरनेशनल छात्रों को वीजा देने की प्रोसेस को लगातार सख्त करती जा रही है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कुछ दिन पहले ही 2 सितंबर से वीजा की ड्रॉप बॉक्स सुविधा यानी इंटरव्यू वेवर प्रोग्राम (आईडब्ल्यूपी) को बंद करने की घोषणा की है।

# अखिलेश के समय आत्महत्या को मजबूर होते थे किसान, 86 लाख किसानों का योगी सरकार ने किया कर्जमाफ : कृषि मंत्री



**प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को किसानों के बारे में बोलने का कोई हक नहीं है।**

एजेंसी

लखनऊ। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को किसानों के बारे में बोलने का कोई हक नहीं है। उनके शासनकाल में किसान न तो समय से बोआई कर पाते थे और न ही उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की सुविधा मिलती थी। उस दौर में कर्ज में डूबे 86 लाख किसानों के 36 हजार करोड़ रुपये योगी सरकार को माफ करने पड़े। यदि सपा सरकार इतनी ही किसान हितैषी थी तो किसानों को आत्महत्या क्यों करनी पड़ी। कृषि मंत्री ने साफ कहा कि प्रदेश में खाद और यूरिया की कोई कमी नहीं है। दिक्कत केवल जमाखोरी, कालाबाजारी और तस्करी करने वाले तत्व पैदा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 1196 फुटकर विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। 132 थोक विक्रेताओं को नोटिस, 13 को निलंबन और 4 का लाइसेंस रद्द किया गया है। 93 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। सीतापुर, बलरामपुर और श्रावस्ती के जिला कृषि अधिकारियों को निलंबित किया गया है। वहीं, महाराजगंज और सिद्धार्थनगर जैसे सीमावर्ती जिलों में बड़ी संख्या में ऐसे लोग पकड़े गए हैं जिन्होंने बिना जोत के ही दर्जनों बोरी यूरिया उठा ली। मंत्री ने चेतावनी दी कि ऐसे माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा।

### किसानों को हर हाल में मिलेगी खाद

सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि राज्य सरकार हर किसान को समय से खाद और बीज उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। फिलहाल प्रदेश में 15 लाख 91 हजार मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के फर्टिलाइजर उपलब्ध हैं। खरीफ 2024 में अब तक 32 लाख 7 हजार मीट्रिक टन खाद की बिक्री हुई है, जो पिछले साल की तुलना में साढ़े चार लाख मीट्रिक टन अधिक है। उन्होंने कहा कि 15 से ज्यादा जनपदों में 10 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा यूरिया की खपत हुई है, फिर भी कहीं कमी नहीं होने दी गई ।रबी सीजन के लिए सरकार ने किये हैं

# यह भारत में लोकतंत्र को हमेशा के लिए समाप्त कर देगा...

## गिरफ्तार पीएम सीएम को हटाने वाली बिल पर बोलीं ममता

**अपने एक्स हैंडल का इस्तेमाल करते हुए बनर्जी ने कहा कि मैं भारत सरकार द्वारा आज पेश किए जाने वाले 130वें संविधान संशोधन विधेयक की निंदा करती हूं। मैं इसे एक ऐसे कदम के रूप में निंदा करती हूं जो सुपर-इमरजेंसी से भी अधिक है, यह भारत के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त करने वाला कदम है। यह कठोर कदम भारत में लोकतंत्र और संघवाद के लिए मौत की घंटी है।**

एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को 130वें संविधान संशोधन विधेयक लाने के लिए केंद्र



पर निशाना साधा और कहा कि यह सुपर-आपातकाल की ओर एक कदम है और भारत के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त कर देगा। अपने एक्स हैंडल का इस्तेमाल करते हुए बनर्जी ने कहा कि मैं भारत सरकार द्वारा आज पेश किए जाने वाले 130वें संविधान संशोधन विधेयक की निंदा करती हूं। मैं इसे एक ऐसे कदम के रूप में निंदा करती हूं जो सुपर-इमरजेंसी से भी अधिक है, यह भारत के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त करने वाला कदम है।

# जैसलमेर सीमा पर पाकिस्तानी जासूस दबोचा, बड़े खतरे का अलर्ट

एजेंसी

भारत ने पाकिस्तान का जासूसी नेटवर्क तोड़ने के लिए लगाचार एक्शन में है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ये शक था कि देश के अंदर के लोगों ने भी इस आतंकी हमले को अंजानम देने में मदद की है। इस आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसके बाद देश के अंदर छिपे गद्दारों को तलाशने का दौर शुरू हुआ और देश में कई



जासूसों को गिरफ्तार किया गया। अब एक और शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। राजस्थान के जैसलमेर जिले में बुधवार को एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

# आप जितना अधिक अराजकता फैलाएंगे, जनता आपको उतना ही नकारेगी

एजेंसी

बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के बाद बुधवार को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही लंबे समय तक स्थगित रही। विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) आलोचनाओं का सामना कर रहा है। विपक्षी सांसदों ने 2024 के लोकसभा चुनाव और बिहार एसआईआर में वोट चोरी का आरोप लगाया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में लगातार हो रहे हंगामे को लेकर विपक्ष की आलोचना की। लोकसभा में बोलते हुए, रिजिजू ने कहा कि मानसून सत्र शुरू होने के बाद से, ये लोग (विपक्ष) लगातार नारे लगा रहे हैं। पिछले तीन दिनों से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को



सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है, लेकिन यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश के नायक - जिन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा की और भारतीय ध्वज फहराया - को विपक्ष के कार्यों के कारण सम्मानित होने का अवसर भी नहीं दिया गया। यह वास्तव में शर्मनाक है। अपने हमले को और तेज करते हुए, किरेन रिजिजू ने जोर देकर कहा कि सरकार अपने एजेंडे के विधेयकों को चाहे कुछ भी हो पारित करेगी। उन्होंने कहा कि बाहर जाकर देखिए कि आपके कार्यों को कितनी बुरी तरह से देखा जाता है। दुनिया इस पर हँसती है, और अब तो स्कूली बच्चे भी पूछने लगे हैं, ₹क्या सांसद ऐसे ही व्यवहार करते हैं ?₹ हम सरकार के काम को हर हाल में पारित करवाएँगे। देश और समाज के हित में जो भी काम करने की जरूरत है, हम करेंगे, क्योंकि इस देश की जनता ने हमें यह ज़िम्मेदारी सौंपी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि व्यवधान पैदा करने से केवल विपक्ष, खासकर नए सांसदों को नुकसान होता है।

पश्चिम रेलवे की ओर से गणपति विशेष गाड़ियों का संचालन

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन तथा गंतव्य | संचालन के दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09022 | उधना – रत्नागिरी (साप्ताहिक) | 21.08.2025 से 04.09.2025 तक | 10.00 बजे (गुरुवार) | 20.00 बजे (उसी दिन) |
| 09021 | रत्नागिरी – उधना (साप्ताहिक) | 21.08.2025 से 04.09.2025 तक | 21.00 बजे (गुरुवार) | 10.20 बजे (अगले दिन) |
| ठहराव : वलसाड, वापी, दहाणू रोड, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेण, रोहा, मानगांव, वीर, खेड, चिपलूण और संगमेश्वर रोड स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| संयोजन : शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस | | | | |
| 09120 | विश्वमित्री-रत्नागिरी (साप्ताहिक) | 25.08.2025 से 08.09.2025 तक | 08.00 बजे (सोमवार) | 20.00 बजे (उसी दिन) |
| 09119 | रत्नागिरी – विश्वमित्री (साप्ताहिक) | 25.08.2025 से 08.09.2025 तक | 21.00 बजे (सोमवार) | 11.45 बजे (अगले दिन) |
| ठहराव : भरूच, सूरत, वलसाड, वापी, दहाणू रोड, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, पनवेल, पेण, रोहा, मानगांव, वीर, खेड, चिपलूण और संगमेश्वर रोड स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में. | | | | |
| संयोजन : एसी 2 – टीयर, एसी 3 – टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस. | | | | |

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

सभी पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर गाड़ी सं. 09022 तथा 09120 के लिये बुकिंग जारी है. उपरोक्त गाड़ी को विशेष किराए पर विशेष गाड़ी के तौर पर संचालित किया जाएगा.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS

## संक्षेप

### अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई

**62 लीटर कच्ची शराब बरामद; एक तस्कर गिरफ्तार**

सुलतानपुर, आबकारी विभाग ने विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण में यह अभियान चलाया गया। आबकारी निरीक्षक डॉ. संजय कुमार उपाध्याय और गोसाईगंज थाना के उपनिरीक्षक भरत सिंह की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। टीम ने गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कई गांवों में छापेमारी की। इनमें फतेहपुर, संगत छपरा, हवा बरुई निषाद बस्ती और पांडेपुर बरौसा शामिल हैं। छापेमारी में 62 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। एक व्यक्ति को मौके पर गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ गोसाईगंज थाने में उत्तर प्रदेश आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। टीम ने मौके से बरामद 500 किलोग्राम लहान को नष्ट कर दिया। टीम ने क्षेत्र के ईट भट्ठों और कबाड़ की दुकानों की भी जांच की। साथ ही आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। दुकानों पर कोई अनियमितता नहीं मिली। विक्रेताओं को पीओएस मशीन से ही बिक्री करने के निर्देश दिए गए।

### जन्मदिन पार्टी पर तलवार से केक काटा

**अंबेडकर पार्क में युवकों ने एक घंटे तक किया हथियारों का प्रदर्शन; पुलिस जांच शुरू**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के बेलासदा गांव के अंबेडकर पार्क में सोमवार रात एक जन्मदिन समारोह के दौरान कुछ युवकों ने तलवार से केक काटकर कानून का उल्लंघन किया। युवकों ने करीब एक घंटे तक पार्क में तलवार और अन्य हथियारों का प्रदर्शन किया। घटना में शामिल मुख्य लोगों की पहचान जितेंद्र कुमार (राम अवध के पुत्र), नीरज कुमार, आनंद कुमार (बेचू राम के पुत्र), एलियन, सनी (राम तीरथ के पुत्र, सराय अचल निवासी) और प्रदीप कुमार (भांडोले के पुत्र, बेलसदा निवासी) के रूप में हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि युवकों की इस हरकत से क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों ने कोतवाली देहात पुलिस और सीओ लंभुआ को ऑनलाइन शिकायत भेजी है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### ग्राम पंचायत सचिव को धमकी देने का आरोप

**बहोरापुर में प्रधान पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज, फर्जी भुगतान से मना करने पर दी जान से मारने की धमकी**

सुलतानपुर, कादीपुर ब्लॉक की ग्राम सभा बहोरापुर में एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान अंशिका सिंह के पति वीर बहादुर सिंह ने पंचायत सचिव को जान से मारने की धमकी दी है। यह घटना फर्जी भुगतान से इनकार करने के बाद हुई। सचिव ने कादीपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने वीर बहादुर सिंह के खिलाफ धारा 132, 351, 352 (3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह पहला मामला नहीं है जब वीर बहादुर सिंह विवादों में आए हैं।

# सिविल लाइन में अतिक्रमण हटाने पर हंगामा

## कारोबारियों ने विरोध जताया, सेल टैक्स कमिश्नर की गाड़ी समेत 100 वाहनों का चालान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, सिविल लाइंस क्षेत्र के सुभाष चौराहे से लेकर नवाब यूसुफ रोड तक नगर निगम ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान मौके पर जमकर हंगामा हुआ। इस अभियान में नगर निगम की पूरी टीम के साथ ट्रैफिक पुलिस बल भी मौजूद रहा। अभियान के दौरान 100 से अधिक वाहनों का चालान किया गया। वहीं, कई गाड़ियां नो पार्किंग जोन में खड़ी होने के कारण मौके से टोचन करके उठवा दी गईं। मौके पर सेल टैक्स कमिश्नर की गाड़ी बीच सड़क पर खड़ी मिली जिसका चालान किया गया। कार्यवाही के दौरान पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। व्यापारियों और दुकानदारों ने नगर निगम की टीम का विरोध करते हुए हंगामा किया और बहस बाजी की। कई दुकानदारों ने आरोप लगाया कि बिना पूर्व सूचना के कार्रवाई की गई, जिससे व्यापार प्रभावित हुआ। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि पहले ही कई बार चेतावनी दी जा चुकी थी, बावजूद इसके अतिक्रमण हटाया नहीं गया। पीडीए और ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान उस वक्त चर्चा का विषय बन गया जब सेल टैक्स कमिश्नर की गाड़ी बीच सड़क पर खड़ी मिली। गाड़ी करीब एक घंटे से अधिक समय तक नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी रही, जिससे यातायात बाधित हुआ। ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का पालन करते हुए कमिश्नर की गाड़ी का चालान किया। हालांकि, टोचन की कोशिश की गई लेकिन बड़ी गाड़ी की वजह से नहीं टो हो सकी। यह कार्रवाई मुख्य रूप से सुभास चौराहे से लेकर नवाब यूसुफ रोड तक दोनों लेन पर स्थित दुकानों के सामने हुए अतिक्रमण को हटाने और नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ की गई। इस इलाके में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी कर दी जाती हैं, कई जगहों पर वाहन रिपेयरिंग का कार्य सड़कों पर ही किया जा रहा है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि कई बार सिविल लाइंस में व्यापारियों को नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई, लेकिन लगातार अनदेखी के चलते यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

मौके पर पीडीए के अपर आयुक्त स्वयं मौजूद रहे और पूरी कार्रवाई की निगरानी करते रहे। ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई के दौरान ट्रैफिक नियंत्रण बनाए रखा और नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई करते हुए चालान काटे।

# खाने की नली में फंसा नकली दांत

## एंडोस्कोपी से एक घंटे में निकाला, 60 वर्षीय महिला की जान बची

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, जानसेनगंज की 60 वर्षीय पुष्पा देवी को भोजन करते समय नकली दांत खाने की नली में फंस गया। इससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत, तेज दर्द और उल्टी की शिकायत हुई। स्थानीय इलाज से राहत नहीं मिलने पर उन्हें नारायण स्वरूप हॉस्पिटल लाया गया। अस्पताल में एक्स-रे और एंडोस्कोपी से पता चला कि दांत इसोफेगस में फंसा है। यह स्थिति सांस की नली को भी प्रभावित कर सकती थी। एडवांस्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. राजीव सिंह के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत एंडोस्कोपिक प्रक्रिया शुरू की। डॉ. आकाश शाह, डॉ. अवनीश तिवारी और शिवांशु की टीम ने एक घंटे के जटिल ऑपरेशन में मुंह के रास्ते दांत को सफलतापूर्वक निकाला। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। दरअसल, पुष्पा देवी के प्राकृतिक दांत टूटने के बाद उन्हें नकली दांत लगवाए गए थे। कुछ समय बाद ये दांत ढीले पड़ने लगे। भोजन के दौरान एक दांत अचानक निकलकर खाने की नली में चला गया। डॉक्टरों के अनुसार, थोड़ी देर की भी देरी जानलेवा साबित हो सकती थी।



# आवारा पशुओं का आतंक



**किसानों की धान और सब्जियों की फसल बर्बाद, प्रशासन से गौशाला में भेजवाने की मांग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र में आवारा पशुओं से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। सादीपुर नहर के पास के खेतों में गोवंश और अन्य आवारा पशु दिन-रात घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्थानीय किसान रामप्रसाद, श्यामलाल और सुरेश यादव ने बताया कि उनकी मेहनत और लागत से तैयार की गई फसलें बर्बाद हो रही हैं। पशु रातों-रात फसलों को चर जाते हैं। नहर के किनारे खुले मैदानों में पशुओं के रुकने से समस्या और गंभीर हो गई है। किसानों ने प्रशासन से कई बार शिकायत की है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों की मांग है कि प्रशासन या तो गौशालाओं की व्यवस्था करे या पशुओं को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए। समय रहते समाधान न होने से किसान आर्थिक संकट में पड़ सकते हैं।

# राजीव गांधी की जयंती पर कार्यक्रम

## प्रतिमा पर माल्यार्पण, मजदूरों को बांटी मिठाई और मरीजों को वितरित किया फल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजीव गांधी तिकोनिया पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा की साफ-सफाई की गई और माल्यार्पण किया गया। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि भारत में कंप्यूटर क्रांति के जनक और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने वाले राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। जिला कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में शाहगंज लेवर चौक पर मजदूरों के बीच मिठाई वितरण किया गया। इसके अलावा जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के वार्डों में मरीजों को फल वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष तेज बहादुर पाठक, मोहम्मद अकरम बेग, अमोल बाजपेई, सिराज अहमद भोला, योगेश पाण्डेय, प्रेम भारती, गुलाम मोइनुद्दीन समेत कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# साइबर क्राइम से बचाव का प्रशिक्षण

**एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के गुर सिखाए**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, पुलिस ने साइबर सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में साइबर क्राइम और महिला थाना पुलिस ने एसीसी सीमेंट फैक्ट्री टिकरिया में जागरूकता अभियान चलाया। कर्मचारियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करनी चाहिए। रिमोट एक्सेस ऐप्स जैसे क्विक सपोर्ट, एनी डेस्क, टीम व्यूअर का उपयोग न करने की सलाह दी गई। साइबर सुरक्षा टीम ने बताया कि अनजान एपीके फाइल्स डाउनलोड न करें। व्हाट्सएप या एसएमएस पर आए लिंक्स पर क्लिक न करें। यूपीआई पिन, एटीएम पिन या बैंक से जुड़ी कोई भी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। केवाईसी अपडेट के नाम पर आने वाले मैसेज से सावधान रहें। एटीएम का उपयोग करते समय किसी अजनबी की मदद न लें। कार्ड के पीछे अपना नाम जरूर लिखें। ओटीपी या पिन नंबर कभी भी किसी को न बताएं। छोटी रकम के लालच में न आएं क्योंकि इसके जरिए अपराधी बड़ी रकम की धोखाधड़ी कर सकते हैं।





# साइबर क्राइम से बचाव का प्रशिक्षण

## एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के गुर सिखाए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, पुलिस ने साइबर सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में साइबर क्राइम और महिला थाना पुलिस ने एसीसी सीमेंट फैक्ट्री टिकरिया में जागरूकता अभियान चलाया। कर्मचारियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करनी चाहिए। रिमोट एक्सेस ऐप्स जैसे क्विक सपोर्ट, एनी डेस्क, टीम व्यूअर का उपयोग न करने की सलाह दी गई। साइबर सुरक्षा टीम ने बताया कि अनजान एपीके फाइल्स डाउनलोड न करें। व्हाट्सएप या एसएमएस पर आए लिंक्स पर क्लिक न करें। यूपीआई पिन, एटीएम पिन या बैंक से जुड़ी कोई भी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। केवाईसी अपडेट के नाम पर आने वाले मैसेज से सावधान रहें। एटीएम का उपयोग करते समय किसी अजनबी की मदद न लें। कार्ड के पीछे अपना नाम जरूर लिखें। ओटीपी या पिन नंबर कभी भी किसी को न बताएं। छोटी रकम के लालच में न आएं क्योंकि इसके जरिए अपराधी बड़ी रकम की धोखाधड़ी कर सकते हैं।





# सीएम के कार्यक्रम में रहेगा नो-फ्लाइंग जोन

## अलीगढ़ में चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेगी पुलिस, डीएम-एसएसपी ने परखी व्यवस्था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, अलीगढ़ में होने वाले हिंदू गौरव दिवस कार्यक्रम के दौरान सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ समेत विभिन्न वीवीआईपी गुरुवार को मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस मौजूद रहेगी। हर एक गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर नो-फ्लाइंग जोन भी रहेगा। सीएम के कार्यक्रम को देखते हुए कमिश्नर संगीता सिंह, डीएम संजीव रंजन और एसएसपी संजीव सुमन ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाएं देखीं। अधिकारियों ने पुलिस व प्रशासनिक टीम को विभिन्न निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान कोई भी बाहरी व्यक्ति अंदर प्रवेश नहीं कर सकेगा। सिर्फ पास धारक लोग ही कार्यक्रम स्थल में पहुंच सकेंगे। सीएम आदित्यनाथ दोपहर 1 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। लेकिन कार्यक्रम स्थल पर 10-11 बजे से ही मंत्रीगण व अन्य लोगों का आवागमन शुरू हो जाएगा। ऐसे में सुबह 6 बजे से ही पुलिस टीमें कार्यक्रम स्थल पर पहुंच जाएंगी। सभी हर एक प्वाइंट पर निगरानी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान एक ओर जहां पुलिस टीमें सामने रहकर निगरानी करेंगी। वहीं सादी वर्दी में भी अधिकारी और विजिलेंस की टीम आमजनों के बीच में रहकर नजर रखेगी। अधिकारियों ने पुलिस टीम को यातायात, लोगों के आवागमन, हर व्यक्ति के पास की जांच सख्ती के साथ करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम स्थल, मंच और हैलीपेड के आस-पास ड्रोन कैमरे व हवाई जहाज उड़ाने पर भी सख्त पाबंदी रहेगी। ऐसा करने पर संदिग्धों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक, एसपी ग्रामीण अमृत जैन, एसपी ट्रैफिक प्रवीन कुमार यादव, एसपी क्राइम ममता कुरील समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।



# जमीन विवाद में दो महिलाओं ने डीएम से मांगी मदद

## सुल्तानपुर में बोली- 5 लोगों ने किया कब्जा, थाने पर नहीं मिला न्याय

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, जिले में एक जमीनी विवाद का मामला सामने आया है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी की रहने वाली सहीदुन निशा और परमीन खातून ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है। महिलाओं का आरोप है कि ग्राम धंधू में स्थित उनकी गाटा संख्या 86 की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा करने का प्रयास किया है। आरोपियों में झब्लू सिंह, बब्लू यादव, सूर्यभान मिश्रा, फिरोज खान और प्यार अली शामिल हैं।



शिकायत के अनुसार, आरोपी हथियारों के साथ जमीन पर पहुंचे। महिलाओं और अन्य खातेदारों के विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िताओं ने थाने में शिकायत की और डायल 112 पर भी कॉल की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपियों ने फिर से जमीन पर जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया। पीड़िताओं ने एक बार फिर पुलिस को सूचित किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब दोनों महिलाओं ने जिलाधिकारी से एफआईआर दर्ज कराने और जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। डीएम ने महिलाओ को जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# खाद वितरण में अनियमितता की शिकायत

## एसडीएम ने किया शादाब खाद भंडार का निरीक्षण, नमूना भेजा लैब

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, खाद वितरण में अनियमितता की शिकायतों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया ने जगदीशपुर क्षेत्र के निहालपुर स्थित शादाब खाद भंडार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य निरीक्षक और सहायक विकास अधिकारी कृषि भी मौजूद थे। टीम ने गोदाम में रखी खाद की उपलब्धता की जांच की। साथ ही वितरण से जुड़े दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया। मौके से एक नमूना लेकर प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों के अनुसार, जांच रिपोर्ट में दोष पाए जाने पर खाद भंडार संचालक पर कार्रवाई होगी। एसडीएम कनौजिया ने कहा कि खाद वितरण में किसी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी।

# ट्रक चालक की हत्या का खुलासा

## आरोपी युवक से हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद, पूछताछ में कबूला जुर्म

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, रिफाइनरी पुलिस ने ट्रक चालक हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने 18 वर्षीय आरोपी प्रवीन को गिरफ्तार किया है। प्रवीन मथुरा के शेरगढ़ थाना क्षेत्र के असतौली का रहने वाला है। थाना रिफाइनरी क्षेत्र में अशोक लीलैंड के पास ट्रक चालक बल्देव सिंह घायल अवस्था में मिला था। बल्देव पंजाब के लुधियाना जिले के जिगराऊ थाना क्षेत्र के पूना गांव का रहने वाला था। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।




इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में धारा 103(1) बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान आरोपी प्रवीन का नाम सामने आया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बरेली हाईवे पर बाद पुल के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश कर रही है।


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी